हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 21 अक्टूबर 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]


तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 23.6 डिग्री


12 अचानक मौसम ने ली करवट, पड़ी बौछार, ...





12 वाद-विवाद में विधि व कंप्यूटर ज्ञान में खिलेश प्रथम















## खबर संक्षेप

### एक्सीडेंट में एक व्यक्ति घायल

**महासमुंद।** ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस को दाऊलाल जांगड़े निवासी नांदगांव ने बताया कि 19 अक्टूबर को काम से मुढ़ैना गया था, जहां से काम होने के बाद वापस अपने ग्राम नांदगांव जाने के लिए मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 पीवी 1420 से निकला था। जैसे ही दोपहर करीब 12 बजे यादव स्टोन के पास पहुंचा था, तभी सामने से आ रही टाटा ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीजी 3286 के चालक अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर बाइक को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### स्कूटी की टक्कर से युवक की मौत

**महासमुंद।** मेला देखने जा रहे एक व्यक्ति की एक्सीडेंट से हुई मौत के मामले पुलिस ने जांच की। पुलिस ने बताया कि मृतक हेमचंद चौहान पिता परदेशी चौहान (18 वर्ष) मुडपहार 16 अक्टूबर को अपनी मोटर सायकल सीजी 10 बीडी 9089 में प्रदीप नंद को पीछे बिठा कर मामाभांचा मेला देखने खोकसा जा रहा था। रात करीब नौ बजे भंवरपुर रोड पुटका के पास पहुंचने पर भंवरपुर की ओर से आ रही स्कूटी क्रमांक सीजी 06 जीवी 5521 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर सामने से एक्सीडेंट कर दिया, जिससे हेमचंद चौहान को सिर में गंभीर चोट लगी और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।वहीं पीछे बैठे प्रदीप नंद के बांये पैर में चोट लगी। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125 ए, 106 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

**खरीदी:** पंजीयन की संख्या पिछले साल के मुताबिक आधे से भी कम

# जिला स्तर पर तैयार हो रही धान खरीदी की कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

धान खरीदी को लेकर राज्य सरकार की घोषणा पश्चात खरीदी को लेकर जिलास्तर पर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इस बार जिले में 182 उपार्जन केंद्रों से धान की खरीदी होगी। जिसके लिए एक करोड़ 25 लाख नए बारदाने भी पहुंच चुके हैं। बाकी एक करोड़ 25 हजार पुराने बारदानों का इस्तेमाल किया जाएगा। जिन्हें जिले के राइस मिलर्स और पीडीएस सोसाइटी से लिया जाएगा।




धान खरीदी की तैयारियों के बीच इस बार जिले में नए किसानों के पंजीयन की संख्या पिछले साल के मुताबिक आधे से कम है। पिछले वर्ष जहां 12 हजार 132 नए किसानों ने पंजीयन कराया। वहीं इस बार करीब पांच हजार ही नए किसानों का पंजीयन हुआ है। हालांकि पंजीयन की अवधि 30 अक्टूबर तक निर्धारित है। इसलिए नए किसानों के पंजीयन बढ़ने के आसार हैं। नए किसानों के पंजीयन कम होने की वजह कृषि भूमि की बिक्री, नामांतरण व बंटवारानामा जैसे लंबित प्रकरणों को बताया जा रहा है।

### धान के अवैध परिवहन पर निगरानी रखने 17 जांच चौकी

बता दें कि प्रतिवर्ष पड़ोसी राज्य ओडिशा से कम धान छत्तीसगढ़ में अवैध तरीके से बिचौलियों के द्वारा जाते हैं। जिसे रोकने के लिए 17 जांच चौकियां राज्य की सीमाओं पर स्थापित किए जाएंगे। बीते वर्ष धान खरीदी के दौरान अवैध धान परिवहन के 96 प्रकरण दर्ज कर 2966 क्विंटल धान जब्त किया गया। साथ ही 28 वाहनों को भी जब्त किया गया है।

### 7 नए केंद्र खोले जाने का प्रस्ताव

जिले में पिछले वर्ष 13 नए धान खरीदी केंद्र खोले गए थे। इस बार विभाग ने 7 नए केंद्र खोलने का प्रस्ताव भेजा है। जिनमें नांदगांव, कौंदकेरा, गोडबहल, पतेरापाली समेत 3 अन्य गांव शामिल हैं। जिसकी स्वीकृति मिलने की स्थिति में उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़कर 189 हो जाएगी। धान खरीदी के नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने बताया कि इस बार नए किसानों का पंजीयन कम हुआ है। हालांकि अभी समय बाकी है। तब तक इनकी संख्या बढ़ सकती है।

### मोबाइल ऐप से हो रहा भौतिक सत्यापन

आगामी खरीफ सीजन का धान खरीदने के पहले डिजिटल फसल सर्वे और मेनुअल गिरदावरी का मोबाइल ऐप से भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इसमें कोई गलती पाए जाने पर सुधार कार्य किया जाएगा। बाद फाइनल रकबा के आधार पर समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी होगी। जिले में पटवारियों ने गिरदावरी का कार्य किया था। किसानों के खेतों में जाकर फसल रकबा की ऑनलाइन एंट्री की गई थी। इसी के आधार पर जिले के पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाती है। इसके अलावा डिजिटली भी फसल रकबा का सर्वे किया जा रहा है।

### एक्सीडेंट में महिला की मौत, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** एक्सीडेंट में घायल हुई महिला की मौत मामले में मर्ग जांच कर बसना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि मृतका पद्मिनी भोई पति स्व सुरू भोई (68 साल) पिरदा 12 सितंबर को अपने नाती चंद्रशेखर भोई निवासी बिजराभांठा के साथ उनके मोटर सायकल स्प्लेंडर प्लस क्रमांक सीजी 06 जीए 9873 में ग्राम बिजराभांठा से पिरदा आ रही थी ग्राम झगरेनडीह से पिरदा जाने के मार्ग में नंदू अग्रवाल के गोदाम के पास झगरेनडीह की ओर से आ रही अज्ञात पिकअप वाहन के चालक ने अपने वाहन लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे मोटर सायकल चालक चंद्रशेखर भोई व पीछे बैठी पद्मिनी भोई गिर गई। और उसे पद्मिनी भोई को गंभीर चोट आई। जिसे इलाज हेतु डीकेएस अस्पताल रायपुर में भर्ती किया गया। जहां इलाज के दौरान 15 सितंबर को मौत हो गई। मामले में अज्ञात पिकअप वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### बड़ी मात्रा में महुआ शराब जब्त, पुलिस ने अर्तुंडा जंगल में की कार्रवाई

**महासमुंद।** अर्तुंडा के जंगल से पुलिस ने 100 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को 19 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली कि अर्तुंडा जंगल पलसापाली में एक व्यक्ति शराब बना रहा है पुलिस को देखकर एक व्यक्ति शिवकुमार जोल्हे उर्फ ठेकवा पिता मनमोहन जोल्हे निवासी पलसापाली शराब एवं शराब बनाने वाले सामग्री को छोड़ कर भाग गया था, पुलिस टीम के द्वारा उक्त व्यक्ति को पकड़ने का प्रयास किया गया लेकिन जंगल का फायदा उठाकर वहां से भाग निकला। घटना स्थल अर्तुंडा जंगल ग्राम पलसापाली से 100 लीटर महुआ शराब एवं शराब बनाने का बर्तन कीमत 21000 रुपए को जब्त कर फरार व्यक्ति के विरूद्ध थाना बलौदा में अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया था। वहीं फरार आरोपी शिवकुमार जोल्हे उर्फ ठेकवा पिता मनमोहन जोल्हे (30 वर्ष) पलसापाली 20 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



# समय पर नहीं मिला 108 वाहन रास्ते में हो गई नवजात की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



नवजात को परिजन इलाज के लिए लेकर भटकते रहे पर समय पर उचित इलाज और 108 नहीं मिल पाने की वजह से नवजात की मौत हो गई। मौत के बाद तुमगांव थाना स्थित साईं नमन हॉस्पिटल में देर रात्रि तक कुछ लोगों ने हंगामा किया।

घटनाक्रम के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तुमगांव के साईं नमन हॉस्पिटल में 18 अक्टूबर दोपहर 3.20 डॉक्टरों ने उषा निषाद (22 साल) का ऑपरेशन कर स्वस्थ बच्चे का जन्म कराया। जिसे डॉक्टरों ने अपनी देखरेख में रखा। अचानक नवजात बच्चे को सांस लेने में परेशानी होने लगी और नवजात का शरीर नीला पड़ने लगा। सांई नमन हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने बच्चे परिजनों को जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी। नवजात के परिजनों ने सुविधाओं से लैस 108 को बुलाया, लेकिन 108 दल द्वारा समय पर पहुंच पाने के लिए असमर्थता जाहिर की, जिसके बाद हॉस्पिटल प्रबंधन ने अपने एंबुलेंस में तत्काल जिला मेडिकल कालेज बच्चे को पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद गंभीर अवस्था देखते हुए रायपुर रेफर कर दिया। नवजात शिशु के परिजनों ने फिर से 108 वाहन को मदद के लिए फोन किया, तब फिर से 108 वाहन ने तत्काल वाहन उपलब्ध करा पाने में असमर्थता जाहिर की। जिसके बाद बच्चे को साईं नमन हॉस्पिटल के ही एंबुलेंस में रायपुर ले जाया जा रहा था, इस दौरान रास्ते में ही नवजात की मौत हो गई। इधर, नवजात की मौत की खबर पाकर तुमगांव हॉस्पिटल में प्रसूता और परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। जिला हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों के अनुसार कुछ-कुछ बच्चों को मां के पेट के भीतर कोई समस्या नहीं होती। लेकिन, पेट से बाहर आते हैं शारीरिक विकार से ग्रसित नवजात को ऐसी समस्या हो जाती है।

# दो पैदल यात्रियों के पिट्ठुओं से 22 लाख नकद बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले की पुलिस ने रेहटीखोल अंतरराज्यीय चेक पोस्ट में जांच के दौरान दो लोगों के पास से साढ़े 22 लाख रुपए बरामद किए हैं।

पुलिस ने बताया कि उच्चाधिकारियों के द्वारा थाना/चौकी प्रभारियों को अवैध शराब, मादक पदार्थ गांजा व संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख कर कड़ी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया है। जिसके तहत थाना/चौकी प्रभारी व सायबर सेल की टीम को दीगर प्रांतों से आने वाले सभी चेक पोस्ट पर अवैध मादक पदार्थ एवं अवैध शराब व संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी हुई थी। इसी दौरान 20 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति लोहराचट्टी ओडिशा की ओर से पैदल चलकर दो पिट्ठू बैग रखकर एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल की ओर आ रहे है। बैग में कुछ संदिग्ध सामान रखा।

इन लोगों को रोककर पूछताछ किया गया, सही तरीके से जवाब नहीं देने व जवाब गोलमोल व संतोषप्रद नहीं पे जाने पर पास रखे बैगों का तलाशी ली गई तो एक व्यक्ति के पिठ्ठू बैग से भारतीय करेंसी 15,42,000 रुपए और दूसरे व्यक्ति के पिठ्ठू बैग से 7,10,800 रुपए, कुल 22,52,800 रुपए मिले। उक्त रकम के संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने हेतु कहा गया, लेकिन कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। जिससे उक्त रकम इन व्यक्तियों पास से जब्त कर थाना सिंघोड़ा में धारा 106 भा.ना.सु.सं. के तहत मामला दर्ज किया गया।

# कैडेटों ने चलाया स्वच्छता अभियान, ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के कोडार बांध में चल रहे 1 सीजी नेवल यूनिट एनसीसी के पाल नौकायान अभियान के आठवें दिन एनसीसी कैडेटों ने नौकायान करते हुए कुल 230 किलोमीटर का साहसिक सफर तय किया। रविवार की शाम तक 30 किलोमीटर की सेलिंग को मिलाकर कैडेट्स और प्रशिक्षक टीम ने यह दूरी अर्जित की। ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर वीएस चैहान, लेफ्टिनेंट कमांडर पी अनिरूध कमांडिंग आफिसर 1 सीजी नेवल यूनिट रायपुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप कुमार डिप्टी कैप कमांडर, लेफ्टिनेंट अनिल कुमार रामटेके और थर्ड आफिसर डालेश्वरी यादव ने प्रतिभागी कैडेटों के इस हौसले की सराहना की। सेलिंग नेवल ओरिएंटेशन के साथ-साथ हाल्ट एरिया में नेवल एनसीसी के कैडेट के सामाजिक अभियान जैसे एड्स जागरुकता, नशा उन्मूलन, कैंसर जागरुकता, मातृ रक्षा, बेटी बेटा एक समान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ इत्यादि में भाग लेकर ग्रामीणों को इन सब विषयों पर जागरूक भी कर रहे हैं।




भारतीय नौसेना के प्रशिक्षण टीम के वरिष्ठ प्रशिक्षक पेटी आफिसर पवन कवाडकर, सेमनशिप प्रशिक्षक पेटी आफिसर सूर्यकांत खटुवा, गनरी प्रशिक्षक सुमीत, पेटी आफिसर सुमंत बराल, पेटी आफिसर बलवेंद्र कुमार, पेटी आफिसर अमर दीप चावड़ा, पेटी आफिसर जितेंद्र और रेस्क्यू बोट आपरेटर त्रिलोक ठाकुर, विकास एवं द्वारिका प्रसाद मौर्य के अथक प्रयास से सेलिंग एक्सपीडिशन सुचारू रूप से संचालित हो रहा है।


## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय युवा संसद स्पर्धा में चार टीमें हुई शामिल



**रायपुर।** सालेम इंग्लिश स्कूल में जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें रायपुर जिले के चार विकासखंड आरंग, अभनपुर, तिल्दा और धरसींवा से चार टीमें इस प्रतियोगिता में शामिल हुईं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य स्कूली छात्र, छात्राओं में संसद की कार्यवाही और कार्यप्रणाली से अवगत कराना व जागरूकता जगाना है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल एवं सहायक क्रीड़ा अधिकारी आईपी वर्मा, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी के अलावा केएस पटले, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा, सीजी बोर्ड के प्रभारी प्राचार्य अखिलेश नंद, स्कूल की प्रभारी प्राचार्या रूपिका लॉरेंस आदि शामिल थे।

### माहेश्वरी सभा के राष्ट्रीय पदाधिकारी नवरास में हुए शामिल



**रायपुर।** महेश सभा रायपुर द्वारा शरद उत्सव के अवसर पर रास गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रमेश झंवर एवं राकेश सोमानी ने बताया कि गुढ़ियारी स्थित मारुति मंगलम भवन में नवरास कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिला संगठन के माध्यम से मां दुर्गा के नौ स्वरूपों के साथ शिवरास, सती स्वरूप, सिंदूर खेला, धुनी नाच एवं महाकाली रक्तबीज की शानदार प्रस्तुति मंच पर दी गई। महिला मंडल द्वारा विगत माहभर से कार्यक्रम की तैयारी की जा रही थी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय माहेश्वरी युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद सोनी, महिला संगठन की राष्ट्रीय महामंत्री ज्योति राठी, प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मुंदड़ा, समाजसेवी राजकुमार राठी सहित समाज के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### पालक और शिक्षकों की हुई बैठक

**रायपुर।** आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय त्रिमूर्ति नगर में शनिवार को तिमाही परीक्षा के बाद पालक और शिक्षक बैठक हुई, जिसमें पहली से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के पालकों को बुलाया गया था। 197 पालक उपस्थित हुए और उनको छात्र-छात्राओं की उत्तरपुस्तिका, परिणाम अवलोकन कराया गया, जिसमें अपने पाल्य की उत्तरपुस्तिका में प्राप्तांक पर चर्चा की गई। प्राचार्य कीर्ति सोनी द्वारा सभी पालकों को छात्र-छात्राओं के अध्ययन के लिए उचित मार्गदर्शन दिया गया व शिक्षकों और छात्रों के मध्य समन्वय स्थापित करने की बात कही। यहां पीटीएम विद्यालय के प्राचार्य की अध्यक्षता में अन्य शालेय वरिष्ठ शिक्षक उपस्थित थे।

### एकल एक्सपो का उद्घाटन आज

**रायपुर।** वनबंधु परिषद महिला समिति रायपुर चैप्टर द्वारा समता कॉलोनी स्थित खाटू श्याम मंदिर परिसर में दो दिवसीय 21 व 22 अक्टूबर तक एकल एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि एक्सपो का उद्घाटन मीना अरुण साव द्वारा किया जाएगा। शनिवार को उन्होंने कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया। संगठन का मुख्य उद्देश्य गांव की अर्थ व्यवस्था सुधारना, रोजगार एवं स्वास्थ्य उपलब्ध कराना, वनवासियों को शिक्षित करना है। इसी कड़ी में महिला समिति द्वारा वनयात्रा भी की जाती है और सुनिश्चित किया जाता है कि समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक इन सभी सुविधाओं का लाभ पहुंचे। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता खंडेलवाल ने बताया कि एक्सपो से अर्जित होने वाली धनराशि को एकल विद्यालयों के माध्यम से वनवासियो को लाभ पहुंचाना है। वहीं अध्यक्ष कांता सिंघानिया ने बताया कि नगर, ग्राम संगठन सहित सेवावृत्ति, यह तीनों परिषद के आधार स्तंभ हैं।

# हवाई सेवा से जुड़ेगा सरगुजा, पीएम मोदी करेंगे वर्चुअल महामाया एयरपोर्ट का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरगुजा क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग अब पूरी होने जा रही है। आदिवासी बहुल क्षेत्र सरगुजा हवाई सेवा से जुड़ने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 अक्टूबर को मां महामाया एयरपोर्ट अम्बिकापुर का वर्चुअल रूप से लोकार्पण कर सरगुजावासियों को यह सौगात देंगे। हवाई सेवा से जुड़ने से सरगुजा सम्भाग के समस्त जिलों सरगुजा, जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। विमान सेवा से जुड़ने पर सरगुजा सम्भाग में पर्यटन, वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा व आवागमन की सुविधा के विस्तार के साथ क्षेत्रवासियों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

## पर्यटन, वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा






### राज्यपाल डेका व सीएम साय होंगे शामिल

अति विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी में महामाया एयरपोर्ट अंबिकापुर के लोकार्पण समारोह का कार्यक्रम अपरान्ह 3 बजे से शुरू हो जाएगा। राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपरान्ह 3 बजे से 3.15 बजे तक एयरपोर्ट का भ्रमण एवं अवलोकन करेंगे। तत्पश्चात स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वागत एवं भेंट, दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों का उद्बोधन होगा। सायं 4.00 बजे वाराणसी से लाइव प्रसारण की शुरुआत होगी, 4.05 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से मां महामाया एयरपोर्ट का शुभारंभ होगा तथा 4.05 से 4.20 बजे तक प्रधानमंत्री का उद्बोधन होगा।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 20 अक्टूबर को वाराणसी से अपरान्ह 4 बजे बजे मां महामाया एयरपोर्ट अम्बिकापुर का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। इस समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू जी किंजरापु, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा, केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वित्त एवं प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास लक्ष्मी राजवाड़े, सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, अध्यक्ष राज्य युवा आयोग विश्व विजय सिंह तोमर उपस्थित रहेंगे।

# एनएचआई पर चक्काजाम करने निकले डीएड बीएड प्रशिक्षित, पुलिस ने ब्रिज के पास रोका

## धरनास्थल की लाइट बंद, खाना बनाने में अड़चन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड-बीएड कर्मचारी संघ के आव्हान पर डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने तूता स्थित धरनास्थल से नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करने रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने अंडरब्रिज के पास रोक दिया। लामबंद अभ्यर्थी प्रदेशभर में रिक्त 33 हजार शिक्षकों के पदों पर जल्द भर्ती की मांग को लेकर चक्का जाम करने निकले। भुक्तभोगियों का कहना है, रैली निकालने के बाद धरनास्थल की लाइट बंद करा दी गई। पंडाल स्थल पर खाना बनाने से रोका गया ।

- **प्रदेशभर से जुटे अभ्यर्थी, 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की मांग को लेकर प्रदर्शन**

7 सूत्रीय मांगों को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर प्रदेशभर के डीएड-बीएड अभ्यर्थी अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। उनकी प्रमुख मांग है, प्रदेशभर के स्कूलों में शिक्षकों के 33 हजार रिक्त पदों की भर्ती जल्द की जाए। आंदोलनकारी शनिवार को शाम 4 बजे धरनास्थल से नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करने निकले। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस के जवान धरनास्थल पर तैनात किए गए।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष दाउद खान ने बताया कि शासन-प्रशासन से अब तक डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की सुध नहीं ली है। इसीलिए बाध्य होकर नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करने उतरना पड़ा।



**ब्रिज के पास बैरिकेड लगाकर रोका, सड़क पर घंटों बैठे रहे प्रदर्शनकारी**

धरनास्थल से थोड़ी दूर जाने के बाद डीएड-बीएड प्रशिक्षितों को पुलिस के जवानों ने ब्रिज के पास बैरिकेड लगाकर आगे बढ़ने से रोक दिया। इससे नाराज अभ्यर्थी सड़क पर बैठकर विरोध जताते रहे। पुलिस प्रशासन ने उन्हें समझाइश दी। देर शाम तक उनका धरना प्रदर्शन जारी रहा।

### प्रमुख मांग

- प्रदेश के स्कूलों में रिक्त 33 हजार शिक्षको के भर्ती की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ हो, जिसमें संकाय विषय के पद सम्मलित हो।
- शिक्षक वर्ग 2 की भर्ती विषयवार करने की मांग।
- युक्तिकरण के नाम पर हजारों स्कूलों को बंद किये जाने के सरकारी फैसला को निरस्त किया जाए।
- स्कूल शिक्षा विभाग के 2008 के सेटअप को यथावत रख कर नई भर्तियों की कार्यवाही जल्द पूर्ण हो।
- आगामी शिक्षक भर्ती में आरक्षित वर्ग को 5 फीसदी छूट प्रदान करने की मांग
- प्रदेश के स्कूलों में छत्तीसगढ़ी पीजी डिप्लोमा धारियों के लिए पद सृजित कर उनके पदों पर भर्ती की जाए।
- डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को उम्र में अतिरिक्त छूट प्रदान करने की मांग।

### डाटा एंट्री आपरेटरों ने दिया धरना, 2 सूत्रीय मांग

छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के बैनर तले प्रदेशभर के डाटा एंटी आपरेटरों ने अपनी 2 सूत्रीय मांग को लेकर तूता स्थित धरनास्थल पर प्रदर्शन किया। 7 माह से वेतन नहीं मिलने से प्रदेशभर के 2739 धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर के समक्ष आजीविका का संकट बना हुआ है। भुक्तभोगियों का



कहना है, दीपावली त्योहार से पूर्व उनके लंबित वेतन का भुगतान किया जाए। साथ ही 27 फीसदी वेतन वृद्धि का लाभ प्रदान किया जाए। मांग पूरी नहीं होने पर डाटा एंट्री आपरेटर 21 अक्टूबर को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे। वहीं 22 तारीख को वित्तमंत्री निवास घेराव करने का कार्यक्रम रखा गया है।

# एमडी-एमएस एडमिशन में भी लागू हो सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एमबीबीएस की तरह मेडिकल की पीजी यानी एमडी-एमएस में एनआरआई कोटे के एडमिशन में सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन का पालन किए जाने की मांग उठने लगी है। इस मामले में छत्तीसगढ़ डाक्टर्स फेडरेशन ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात की है।


- **स्वास्थ्य मंत्री से मिला डाक्टर्स फेडरेशन**

राज्य में हाल ही में छत्तीसगढ़ डाक्टर्स फेडरेशन का गठन किया गया है। फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह एवं डॉ. गंधर्व पांडे ने स्वास्थ्य मंत्री के सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि यूजी की तरह पीजी में भी एनआरआई कोटे से एडमिशन के लिए बड़ा खेल होता है और करोड़ों का लेनदेन होता है। ऐसे डाक्टरों को फायदा पहुंचाने के लिए उन्हें पीजी की वह सीट अलॉट की जाती है, जिनकी डिमांड सबसे ज्यादा होती है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन जिस तरह यूजी एडमिशन के लिए किया गया है, उसी तरह एमडी-एमएस की सीटों के प्रवेश के लिए भी लागू किया जाना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने एम्स के एमबीबीएस को अलॉटमेंट के बजाए राज्य कोटे की सभी सीट स्थानीय छात्रों को देने, वर्ष 2018 बैच के सवा सौ डाक्टरों की बांड पोस्टिंग का आदेश, जिन्हें नियुक्ति मिल चुकी उन्हें वास्तविक वेतन तथा नियमित चिकित्सकों को पढ़ाई के अनुरूप तीन साल का सवैतनिक अवकाश दिया जाए।

# केदार गुप्ता बोले- कांग्रेस और उससे जुड़े लोग आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा, छत्तीसगढ़ में इन दिनों कांग्रेस और उसके दीगर संगठनों से जुड़े लोग आपराधिक, हिंसक और विभाजनकारी गतिविधियों में संलिप्त पाए जा रहे हैं और कांग्रेस के आपराधिक चेहरे लगातार उजागर हो रहे हैं, उससे यह बात एकदम साफ है कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ में आराजकता और आतंक का वातावरण निर्मित करने के अपने एजेंडे पर काम कर रही है।



श्री गुप्ता ने कहा, अभी हाल ही में सरगुजा संभाग के सूरजपुर जिले में एक पुलिस आरक्षक पर खौलता हुआ तेल डालने और बाद में प्रधान आरक्षक की पत्नी व उसकी मासूम बच्ची की निर्मम हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपियों में कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के पूर्व व वर्तमान पदाधिकारियों की गिरफ्तारी कांग्रेस के इसी राजनीतिक चरित्र का प्रमाण है, जिसके चलते कांग्रेस ने राजनीति का अपराधीकरण और अपराधियों का कांग्रेसीकरण करने में जरा भी लज्जा का अनुभव नहीं किया और कांग्रेस पदाधिकारियों के अनुरोध को दरकिनार कर आदतन बदमाश और गुण्डा प्रवृत्ति के लोगों को एनएसयूआई समेत अपने विभिन्न संगठनों में पद देकर अपराधियों की हौसला-आफजाई की।

श्री गुप्ता ने कहा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव समेत तमाम कांग्रेस नेताओं को राजनीतिक ढोंग करने के बजाय स्पष्टीकरण देना चाहिए। हर तरह के अपराधों में संलग्न लोगों की शरणस्थली बनी कांग्रेस का यही राजनीतिक ट्रेक रिकॉर्ड रहा है कि जब वह सत्ता में होती है तो आपराधिक तत्वों को प्रश्रय देकर अपने हित साधने के लिए उन्हें इस्तेमाल करती है।

# राष्ट्रपति के रायपुर प्रवास को लेकर निगम आयुक्त ने किया मार्गों का निरीक्षण

- **सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित रायपुर प्रवास को ध्यान में रखते हुए निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने चयनित स्थलों, चौराहों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया।

उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि सड़कों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाए। श्री मिश्रा ने बूढ़ातालाब के नीलाभ उद्यान, डीडीनगर, जीई रोड, महोबा बाजार के पौनी पसारी स्थल, आमापारा के कारी तालाब प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों के साथ कोटा क्षेत्र के महंत तालाब, डबरा तालाब, आमापारा के कारी तालाब प्रोजेक्ट का निरीक्षण कर तालाब को स्वच्छ रखने निर्देश दिए। महोबाबाजार के पौनी पसारी भवन में युवाओं के लिए कंप्यूटर शिक्षण संस्थान को स्थान देने के संबंध में नियम अनुसार कार्यवाही करने दिशा निर्देश दिए। इसी तरह देवेंद्र नगर एक्सप्रेस वे मार्ग में ब्रिज के नीचे सौंदर्यीकरण करने हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त यू.एस अग्रवाल, रायपुर स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्ज्वल पोरवाल, महाप्रबंधक (तकनीकी) पीके पंचायती सहित तकनीकी विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ट्रेनों में हर दिन आधा दर्जन यात्रियों की बिगड़ रही तबीयत, टीटीई जरूरी दवा देकर कर रहे मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे प्रशासन ने ट्रेन में चलने वाले टीटीई को आवश्यक दवा उपलब्ध करवाई है, जिसका लाभ अब यात्रियों को मिलने लगा है। मौसम के बदलने से ट्रेनों में यात्रियों की तबीयत बिगड़ने की शिकायत इन दिनों बढ़ गई है, जो रेलवे के लिए चिंता का विषय बन गया है। वर्तमान में बिलासपुर व रायपुर मंडल के टीटीई हर दिन यात्रियों को सर्दी, बुखार और जुकाम की आवश्यक दवा देकर उनकी मदद कर रहे हैं। ट्रेन में ही यात्रियों को तत्काल मदद मिल रही है। दिनभर में रायपुर से गुजरने वाली 20 से अधिक लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्री रेलवे डॉक्टर व टीटीई की मदद ले रहे हैं। कुछ डाक्टरों व स्टॉफ की नियमित ड्यूटी स्टेशन पर रखी गई है, ताकि यात्रियों को मौके पर मदद मिल सके। रेलवे डॉक्टरों का कहना है कि सामान्य दिनों में दवा के लिए मदद मांगी जाती थी। इन दिनों गर्म पानी और दवा के साथ परामर्श भी डॉक्टरों से ट्रेन में लिया जा रहा है।



दिन में धूप तेज लग रही है, तो रात होते ही हवा ठंडी लगने लगी है। ऐसे में ट्रेन में लंबा सफर करने वाले यात्री ज्यादा बीमार पड़ रहे हैं। ट्रेन में यात्रा के दौरान हर दिन 6 से 8 यात्रियों की जांच रेलवे के डाक्टरों द्वारा की जा रही है। स्टेशन परिसर में 108 और डॉक्टर की टीम 24 घंटे उपस्थित रहती है।

**मुंबई और दिल्ली की ट्रेनों में शिकायत :** रायपुर में मुंबई और दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में तबीयत बिगड़ने की शिकायतें मिल रही हैं। यात्री ट्विट व टीटीई की मदद से दवा व डॉक्टर ट्रेन में बुला रहे हैं। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर में यात्री के बीमार होने की सूचना ट्रेन के सीटीआई या टीटीई के जरिए कंट्रोलरूम और वहां से स्टेशन प्रबंधक तक पहुंच रही है।

इसके बाद रेलवे हॉस्पिटल से डॉक्टर बुलाए जाते हैं। डॉक्टर एंबुलेंस में ऑक्सीजन सिलेंडर से लेकर तमाम जरूरी सामान के साथ वहां पहुंचते हैं। वैसे तो ज्यादातर मरीज सर्दी, जुकाम और बुखार से पीड़ित ही आ रहे हैं, जिसे रेलवे सामान्य बता रहा है।

### आवश्यक दवा रखने का निर्देश

रेलवे स्टेशनों में दवा दुकान खोलने की योजना अभी तक सभी स्टेशनों में लागू नहीं हो पाई है। शिकायत को ध्यान रखते हुए यात्रियों के जांच और आवश्यक दवाएं रखने का निर्देश दिया है। बिलासपुर में इन दिनों डाक्टरों की एक टीम को आवश्यक दवाइयों के साथ स्टेशन परिसर में ही रहने कहा गया है, ताकि बार-बार नहीं आना पड़े। किसी-किसी दिन ऐसा भी होता है कि किसी भी ट्रेन में कोई मरीज नहीं होता।

# फूड इंस्पेक्टर राशन के वितरण और बचत की जांच नहीं करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य संचालनालय ने राशन दुकानों के राशन वितरण की जानकारी के लिए फिर घोषणापत्र का विकल्प देते हुए अब राशन के वितरण और बचत की पुष्टि खाद्य निरीक्षकों से कराने का निर्णय लिया है। खाद्य संचालनालय ने महीने की 1 से 10 तारीख के बीच इसकी पूरी जानकारी देने का नया फरमान जारी किया है। खाद्य निरीक्षकों ने इस पर आपत्ति जताते हुए इसे मानने से इनकार किया है। उनका कहना है कि खाद्य संचालनालय राशन दुकान के संचालकों को सीधे ऑनलाइन राशन का आवंटन जारी करता है। दुकानों को ऑनलाइन वितरण करना होता है। पूरे मामले में संचालनालय अपनी गलती खाद्य निरीक्षकों पर थोपने का प्रयास कर रहा है। खाद्य निरीक्षक पूरे मामले को लेकर अब विभाग की एसीएस ऋचा शर्मा और सचिव से मिलेंगे।

- **फिर दिया घोषणापत्र का विकल्प, खाद्य अफसरों ने किया विरोध**

खाद्य विभाग में पिछली सरकार के समय हुए राशन दुकानों में राशन की बचत की जानकारी लिए बगैर दुकानों को राशन का आवंटन में घोटाले की जांच विधानसभा की समिति कर रही है। घोटाले का खुलासा न हो इसे लेकर पोर्टल से खाद्य संचालनालय के एक अधिकारी ने खाद्य विभाग के एनआईसी से तेरह हजार राशन दुकानों का घोषणापत्र गायब करवा दिया। 600 करोड़ के राशन बचत घोटाले को दबाने के लिए इसे तकनीकी त्रुटि बताया गया। एक हजार दुकानों के बचत स्टॉक में हेरफेर कर दिया गया है। प्रदेश की पांच हजार राशन दुकानें ऐसी हैं, जिनमें दो से पांच



महीने का चावल, अतिरिक्त रूप से नियमों को ताक पर रखकर दिया गया और करोड़ों रुपये की कालाबाजारी का कारनामा हो गया। मामले में राशन दुकानों के विरुद्ध जांच भी नहीं कराई गई। मामले का न तो जांच प्रतिवेदन है, न ही कारण बताओ नोटिस दिया गया। खाद्य अधिकारी अथवा अनुविभागीय अधिकारी ने अंतिम निर्णय कर घोटाले किए गए चावल की मात्रा का आकलन किया। छत्तीसगढ़ सार्वजानिक वितरण प्रणाली आदेश के नियमों का पालन किए बगैर आरआरसी जारी कर दी गई है।

### अपने को बचाने में जुटे अफसर

संचालनालय का तर्क है कि घोषणापत्र नहीं दिखने से स्टॉक की जानकारी नहीं हो पाती। अतः फिर से घोषणापत्र का विकल्प दे रहे हैं। घोषणापत्र की पुष्टि के लिए खाद्य निरीक्षकों को पत्र देने कहा गया है। ऐसे में पूरा मामला अब विवादित हो गया है। संचालनालय ऐसी जानकारी मंगा कर सीधे तौर पर फूड इंस्पेक्टरों को जिम्मेदार ठहराने का प्रयास कर रहा है। खाद्य मामले की जांच कर रही विधानसभा की समिति ने घोषणापत्र पोर्टल से गायब करने की जिम्मेदारी तय करने में जुटा है। ऐसे में नया फरमान जारी कर संचालनालय के अफसर अपने को बचाने में जुटे हैं।

### संचालक ने नहीं किया निराकरण, अब एसीएस से मिलेंगे

मामले में स्टॉक वेरिफिकेशन और तकनीकी समस्या के संबंध में खाद्य निरीक्षक कई बार संचालनालय में ज्ञापन दे चुके हैं। संचालनालय ने अभी तक कोई निराकरण नहीं किया। खाद्य निरीक्षकों ने अब निर्णय लिया है कि इस संबंध में सीधे अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा और सचिव से मिलकर बात करेंगे और अपनी मांग रखेंगे। उनका सीधा आरोप है कि राशन का आवंटन सीधे दुकानों को होता है। वितरण भी उनके द्वारा ऑनलाइन किया जाता है, ऐसे में बचत की जानकारी भी उनसे सीधे ली जानी चाहिए। खाद्य निरीक्षकों से पुष्टि कराने का सवाल ही नहीं उठता।

# बादलों की ओट में रहेगा करवा चौथ का चांद, रात्रि आठ बजे दिखने के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवार को करवा चौथ का चांद हल्के बादलों की ओट में रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार रात्रि लगभग आठ बजे चंद्रोदय होगा। अरब सागर से आने वाली नमी की वजह से अभी प्रदेश उमस भरी गर्मी की चपेट में है। रात की बेचैनी ने दिन के धूप वाली गर्मी को पीछे छोड़ दिया है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में रायपुर रात का न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा होकर 26 डिग्री के करीब पहुंच गया। दिन में बादलों की वजह से पारा 34 डिग्री से नीचे रहा। प्रदेश में रात के तापमान में गिरावट दिवाली के आसपास ही होने की संभावना है, क्योंकि 25 अक्टूबर से बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बनने वाला है, जिसके प्रभाव से अधिक मात्रा में बादल आने के आसार हैं। अभी अरब सागर से आने वाली नमी के प्रभाव से बादल आ रहे हैं। रविवार को भी बादल छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार चंद्रोदय का वक्त रात्रि 7.57 बजे निर्धारित है। अभी अरब सागर की नमी के प्रभाव से प्रदेश का मौसम बदला हुआ है और लोगों को भारी उमस झेलनी पड़ रही है।

- **रात की गर्मी ने दिन को पीछे छोड़ा, पांच डिग्री ज्यादा**

इस मौसम में कूलर, पंखे बेअसर हो गए हैं और लोगों की रात बेचैनी के साथ कट रही है। अभी पेंड्रा जैसे इलाके में रात का तापमान 19 डिग्री के करीब है, जो सामान्य से अधिक है।

# राष्ट्रपति का पुलिस ध्वज सम्मान मिलने पर बोले साय- यह जवानों के हौसले को ऊंचे करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ पुलिस को राष्ट्रपति का ध्वज सम्मान मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, यह सम्मान छत्तीसगढ़ पुलिस के साहस, अनुशासन और देशभक्ति का प्रमाण है। हमारे जवानों ने विपरीत परिस्थितियों में भी नक्सलियों के खिलाफ सफलता प्राप्त की है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है। यह ध्वज हमारे पुलिस बल के हौसले को और भी ऊंचा करेगा, उन्हें राज्य की सुरक्षा और सेवा के लिए और प्रेरित करेगा। मुख्यमंत्री ने पुलिस बल को बधाई देते हुए कहा, यह सम्मान केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि उन बहादुर जवानों के प्रति एक आदर है, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना राज्य की शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने छत्तीसगढ़ की जनता को भी गर्व का अवसर प्रदान किया है, जो राज्य की पुलिस की सेवा और समर्पण का सम्मान करती है।

- छत्तीसगढ़ पुलिस को मिला राष्ट्रपति का ध्वज सम्मान
- जवान इस ध्वज की प्रतिकृति को अपनी वर्दी पर प्रतीक चिन्ह के रूप में धारण करेंगे



### अनुकरणीय सेवा और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक

छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए यह एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण है, जब उन्हें 'राष्ट्रपति का पुलिस ध्वज' प्रदान किए जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। यह विशेष ध्वज देश के चुनिंदा राज्यों की पुलिस इकाइयों को दिया जाता है, जो 25 वर्षों की अनुकरणीय सेवा और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सल मोर्चे पर साहस और दृढ़ता के साथ कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए यह सम्मान अर्जित किया है, जो उनकी उत्कृष्ट सेवा का प्रमाण है।

### जवान अपनी वर्दी में प्रतीक चिन्ह धारण कर सकेंगे

बताया गया है कि इस सम्मान के साथ, पुलिस बल के जवान इस ध्वज की प्रतिकृति को अपनी वर्दी पर प्रतीक चिन्ह के रूप में धारण करेंगे, जो उनके शौर्य और सेवा का प्रतीक होगा। राष्ट्रपति ध्वज किसी भी पुलिस या सैन्य बल के लिए सर्वोच्च मान्यता मानी जाती है और यह छत्तीसगढ़ पुलिस की निष्ठा, कर्तव्यपरायणता और परिश्रम की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना को दर्शाता है।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली में कल सदस्यता अभियान की समीक्षा के साथ संगठन चुनाव की बनेगी रणनीति

**रायपुर।** भाजपा के सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक सोमवार को दिल्ली में होगी। इस बैठक में जहां सदस्यता अभियान को लेकर सभी राज्यों से चर्चा होगी, वहीं संगठन चुनाव को लेकर भी रणनीति बनेगी।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, सदस्यता अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी विनोद तावड़े और दुष्यंत गौतम बैठक लेंगे। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव सिंह सहित प्रदेश के एक दर्जन पदाधिकारी रविवार की रात को यहां से दिल्ली जाएंगे। प्रदेश संगठन ने संगठन चुनाव को लेकर यहां पर चुनाव प्रभारी के साथ सह प्रभारी भी बना दिए हैं। ये सभी भी दिल्ली बुलाए गए हैं।

### विकास बने असम के विशेष पर्यवेक्षक

**रायपुर।** एआईसीसी अध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय को असम का विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।



उनकी नियुक्ति एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह आदेश जारी किया है।

### राशन कार्ड नवीनीकरण और ई-केवायसी 31 तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में राशन कार्ड का नवीनीकरण और केवायसी करवाने के लिए 31 अक्टूबर तक का समय है। इससे पहले इस काम के लिए 15 अगस्त तक का समय दिया गया था। लेकिन सभी कार्डधारियों द्वारा यह काम न करवा पाने के कारण समय-समय पर तारीखें बढ़ाई जाती रही। अब खाद्य विभाग ने लोगों से अपील की गई है कि वे असुविधा से बचने के लिए अपने राशन कार्ड का नवीनीकरण एवं ईकेवाईसी समय पर करा लें। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत हितग्राहियों की सुविधा के लिए शेष बचे राशन कार्ड नवीनीकरण एवं ईकेवाईसी कराने के लिए 31 अक्टूबर तक का अवसर प्रदान किया गया है।

### चितवन वृद्धाश्रम परिवार की वर्षगांठ पर आयोजन

**रायपुर।** चितवन वृद्धाश्रम परिवार द्वारा 23 अक्टूबर 10वीं वर्षगांठ मनाने की तैयारी है। कार्यक्रम का आयोजन सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में शाम 6 बजे से होगा, जहां वृद्धाश्रम के सभी सदस्य मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

### धान खरीदी पर कितने भी अफवाह फैला ले, जनता नहीं मानेगी- गजेंद्र

**दुर्ग।** दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने कहा है कि, अपने आपको किसान हितैषी बताने और ढोंग करने वाली पिछली भूपेश सरकार धान खरीदी के राशि का भुगतान भी चार किश्तों में करती थी। अभी जब एकमुश्त धान का पैसा किसानों के खाते में जा रहा है, तो वह किसान आज घर बनवा रहा है तो कोई सामान खरीद रहा है, अन्य उपयोगी कामों में खर्च कर पा रहा है। प्रदेश के सभी किसानों का पूरा धान 21 क्विंटल प्रति एकड़ 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर खरीदा जाएगा। इसके साथ ही साथ दो वर्षों के धान के बकाया बोनस का देने का वादा भी पूरा कर दिया है। पूरी स्पष्टता के साथ काम हो रहा है। इस बार अभी जमीन में नमी है, फिर भी इन सभी बातों का ध्यान रखते हुए किसान हितैषी प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने धान खरीदी 14 नवंबर से शुरू करने की घोषणा की है।

### लूट के 3 आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। लूटेरों ने युवक का स्कूटी और मोबाइल लेकर फरार हो गए थे। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि बीते 16 अक्टूबर को माडल टाउन इंदिरा नगर सुपेला निवासी प्रमोद साहू ने लूट की शिकायत की थी। मुखबिर की सूचना पर डेरा बस्ती फरीद नगर सुपेला निवासी प्रकाश धुर्वे , पींटू नेताम, नीलकंठ धुर्वे ने लूट की वारदात को पकड़ा गया।

# अघरिया समाज की बैठक में नियमावली को लेकर की गई चर्चा, सुझाव भी मांगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र की बैठक फुलझर अघरिया कन्या छात्रावास में हुई। जहां आगामी माह केंद्रीय समिति द्वारा आयोजित होने वाले महासभा में समाज के नियमावली के संबंध में चर्चा की गई और सुझाव मांगे गए।

बैठक में अघरिया समाज की ओर से बनाए गए नियमावली में कुछ सुधार के लिए प्रस्ताव भी पास किया गया। जिसमें सामाजिक कार्यक्रमों के भोज में पदाधिकारियों सहित सभी सामाजिक बंधुओं द्वारा भोजन के उपरांत अपना-अपना पत्तल को स्वयं उठाया जाए। दाह संस्कार के पश्चात स्वल्पाहार नहीं लिया जाए। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत ही भोजन के लिए प्रस्थान किया जाए। कृष्ण जन्माष्टमी के दिन को अघरिया दिवस के रूप में मनाया जाए। प्रत्येक परिक्षेत्र में बैठक आयोजित कर सामाजिक नियमावली का पालन करने प्रेरित करने तथा केंद्रीय महासभा का व्यापक प्रचार प्रसार करने पर चर्चा की गई। साथ ही सरायपाली क्षेत्र के रूद्रेश्वरी मंदिर सिंघोड़ा परिसर में केंद्रीय समिति द्वारा आयोजित महासभा के आयोजन पर भी विचार व्यक्त किए गए और सुझाव मांगे गए।

बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक त्रिलोचन पटेल, पूर्व अध्यक्ष खेमराज पटेल, अध्यक्ष नेहरू लाल पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र पटेल, कोषाध्यक्ष लव कुमार पटेल, केंद्रीय प्रतिनिधि नेहरू लाल चौधरी, अंचल प्रभारी विश्वनाथ नायक, संयोजक प्यारेलाल पटेल, डोलचंद पटेल, अमृतलाल पटेल, परिक्षेत्र अध्यक्षों में कामता पटेल, भोलानाथ नायक, बलिराम पटेल, शोभाराम पटेल, धनीराम पटेल, शंकर लाल नायक, श्यामलाल पटेल, हृदय राम नायक, गंगाधर पटेल, हेमसागर चौधरी, रूपलाल नायक, संतलाल चौधरी, रामेश्वर पटेल, मीडिया प्रभारी रामकुमार पटेल, देवेंद्र पटेल आदि उपस्थित थे।

# एमकेबाहरा में कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ग्राम एमकेबाहरा (खल्लारी) के राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में सप्तदिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन जल कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। प्रथम दिवस रविवार को वेदीपूजन, कलश यात्रा, शिवमहापुराण की महत्ता का वाचन किया गया। कलश यात्रा गांव की गलियों से बैंड बाजे के साथ तालाब पहुंची। जहां मंत्रोच्चार के पश्चात जल लेकर कथा स्थल पहुंची। कथा के द्वितीय दिवस सोमवार को पार्थिव शिव लिंगपूजन, तृतीय दिवस मंगलवार शिव सती विवाह, शिव द्वारा विष्णु गोपेश पद पर अभिषेक, चतुर्थ दिवस बुधवार महागौरी पार्वती का जन्म, कामदेव भस्म, शिव पार्वती विवाह, पंचम दिवस गुरुवार कार्तिक जन्म भस्मासुर वध गणेश जन्म, जालंधर कथा, सष्ठम दिवस शुक्रवार शंखचुड तुलसी की कथा, वानासुर की कथा, अर्धनारीश्वर कथा एवं कथा के विराम दिवस शनिवार को शिव शस्त्रणाम महातमय, बेलपत्र सहस्त्र, कपिलातर्पण सहस्त्रचरण, शोभायात्रा, महाभंडारा प्रसादी के साथ कथा का विराम होगा। शिव महापुराण के कथाव्यास पंडित अरुण तिवारी मुख्य पुजारी खल्लारी माता मंदिर खल्लारी होंगे तथा कथा का आयोजन देवकराम साहू ग्राम प्रमुख एमके बाहरा द्वारा किया जा रहा है।

# 15 जिलों के राइस मिलरों ने अब तक जमा नहीं किया 35 प्रतिशत चावल, अब कसेगा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के 15 जिलों के राइस मिलरों ने अब तक अपने हिस्से का पूरा चावल एफसीआई और नागरिक आपूर्ति निगम (नान) में जमा नहीं किया है। राज्य सरकार ने इस मिलरों पर अब शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बताया गया है कि सबसे अधिक 30 प्रतिशत चावल सेंट्रल पूल के लिए एफसीआई में जमा नहीं हो पाया है। वहीं नागरिक आपूर्ति निगम में अब तक 95 प्रतिशत चावल जमा हो चुका है। अब सरकार ने राज्य के सभी कलेक्टरों को इन मिलरों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

छत्तीसगढ़ में इस समय जहां धान की नई फसल पककर कटाई की स्थिति में आ रही है, वहीं राज्य सरकार 14 नवंबर से धान खरीदी की तैयारी में है। लेकिन पिछले सीजन ने जिन मिलरों ने धान की मिलिंग के लिए सरकार से अनुबंध किया था और समय पर चावल तैयार कर जमा करने की जिम्मेदारी ली थी, वही मिलर पिछले सीजन का पूरा चावल अब तक जमा नहीं कर पाए हैं। राज्य भर में 3 हजार 27 मिलरों ने पिछले साल सरकार से मिलिंग के लिए साढ़े पांच हजार से अधिक अनुबंध किए थे। ये अभी प्रभावी हैं।

### स्टेक अलाट होने के बाद भी चावल जमा नहीं

मार्कफेड के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार एफसीआई को चावल जमा करने में कमी हुई है। राज्य के कुल मिलरों में से ऐसे जिन्हे एफसीआई में चावल जमा करना है, उनमें से 30 प्रतिशत मिलरों ने चावल नहीं जमा कराया है। कुछ समय पहले तक एफसीआई मिलरों का चावल लेने के पहले रेलवे से स्टेक प्राप्त करती थी, स्टेक की कमी के कारण कई बार मिलर चावल जमा कराने में देरी करते थे। लेकिन इस समय स्थिति ये है कि मिलरों को स्टेक अलॉट है। क्योंकि अब एप के माध्यम से अलाटमेंट हो रहा है। इसके बावजूद मिलर चावल नहीं जमा करा रहे है। शासन के निर्देश पर ऐसे मिलरों के खिलाफ संबंधित जिला प्रशासन को कार्रवाई करने कहा गया है।

### मिलरों पर कार्रवाई गलत- 3 हजार करोड़ का भुगतान नहीं

इस मामले को लेकर रायपुर कृषि मंडी के पूर्व सदस्य विजय शर्मा का कहना है कि मिलरों पर कार्रवाई गलत है। पहले तो मिलरों को समय पर स्टेक उपलब्ध नहीं कराए गए। अब धान पुराना होने के कारण चावल बनाने में मुश्किल हो गई है। धान पाखड हो गया है। नया धान आने पर मिलर चावल बनाकर देंगे। दूसरी और बड़ी बात ये है कि राज्य के राइस मिलरों का दो साल से कस्टम मिलिंग का तीन हजार करोड़ रुपयों का भुगतान नहीं किया गया है। मिलर पहले ही काफी परेशान है। भिलाई में शुक्रवार को लघु उद्योग भारती के कार्यक्रम में भी मिलरों के बकाया भुगतान का मामला गंभीरता से उठाया गया है।

## सरकार को बताएंगे सड़क बिजली, पानी से जुड़ी समस्या लोगों को मिलेगी सुविधा

**रायपुर।** बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य सहित जन अधिकार से जुड़ी सुविधा दिलाने के लिए प्रदेशभर में काम करने और जन अधिकार दिलाने के लिए जन अधिकार मोर्चा अब काम करने वाला है। सरकार को विभिन्न क्षेत्र की जन सरोकार से जुड़ी समस्या और हो रही परेशानी को दूर करने के लिए आग्रह करने के साथ ही उसे पूरा कराने में सहयोग किया जाएगा। कुछ इसी तरह का निर्णय जन अधिकार मोर्चा ने आज पहली राज्य स्तरीय बैठक में लिया है। जन अधिकार मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रिका सिंह ने शनिवार को प्रेसवर्ता में बताया गया कि जन अधिकार मोर्चा ने प्रथम राज्य स्तरीय बैठक लेने के बाद कई बिन्दुओं पर मिले सुझाव को सहमति दी है। इनमें शोषण के खिलाफ आवाज उठाना, कानून व्यवस्था बनाने में शासन प्रशासन का मदत करना। लोकतंत्र के आदर्श रूप का पालन करना प्रमुख है। प्रदेश प्रभारी कर्मवीर सिंह जादौन, संयोजक जाहिद अहमद कुमार टोप्पो, कृष्ण कुमार साहू ने बताया कि कुछ समस्याएं प्रमुख रूप से ध्यान में लाई गई हैं।

- राज्य स्तरीय बैठक में लिए निर्णय को किया साझा

इनमें प्रदेश के भीतर लगभग सभी जिलों में जानवरो को सड़क पर छोड़ा जा रहा है। इसके कारण फसल नष्ट होते है। दूसरी तरफ एक्सीडेन्ट की सम्भावना ज्यादा बढ़ गई है। बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में मेडिकल कॉलेज और महारानी हॉस्पिटल में संसाधनों के अभाव, डाक्टर के अभाव में अक्सर मरिजों को रिफर किया जाता है, जैसे कई अहम समस्याएं है, जिनका समाधान करने में जन अधिकार मोर्चा सहयोग देगा।

# दो महिलाओं ने एक को पीटा, रेप में फंसाने की धमकी दी

**महासमुंद।** दो महिलाओं द्वारा एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्रार्थी ललित कुमार निर्मलकर ने पुलिस को बताया कि बताया कि 18 अक्टूबर की दोपहर करीबन 12.45 बजे वह अपनी पत्नी गीतांजलि निर्मलकर नहाने के लिए खिरोद नाग के खेत में लगे बोर के पास गए।

जहां से वापस लौटने पर सफेद निर्मलकर के घर के सामने शशि जगत व कीर्ति मंडावी आई और गाली गलौज किए हो कहकर शशि जगत ने अपने पहने चप्पल को निकालकर मेरे गाल व कमर में मार दिया व मुझे रेप केस में फंसाने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। मारपीट के दूसरे मामले में मंगली बाई बारिक निवासी ग्राम बेल्डीहपठार ने पुलिस को बताया कि 12 अक्टूबर को नानदाऊ खुटे के घर में कार्यक्रम था, जिसमें जास्मीन रात्रे एवं उसकी मां रामबाई रात्रे मेहमान बनकर आए थे। दोपहर करीबन 3 बजे प्रार्थिया बकरी का चारा लेने के लिए नानदाऊ खुटे के बाड़ी में गई थी, जिसे देखकर जास्मीन एवं रामबाई रात्रे गाली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। पुलिस ने रिपोर्ट आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### महिला से घर घुसकर मारपीट

मारपीट के तीसरे मामले में प्रार्थिया पदम बाई निर्मलकर ग्राम खरोरा ने बसना पुलिस को बताया कि 13 सितंबर की शाम करीबन 7.30 बजे गांव का रामाधीन गोंड मेरे घर के अंदर घुसकर मुझे गाली देते बुए मारने लगा। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 333-बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

# मुख्यमंत्री साय को बनाया गया भाजपा का सक्रिय सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को शनिवार को भाजपा का सक्रिय सदस्य बनाया गया। उनको सक्रिय सदस्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री निवास में सक्रिय सदस्यता के प्रदेश संयोजक संजय श्रीवास्तव व जिलाध्यक्ष जयंती पटेल जिला सक्रिय सदस्यता समीक्षा समिति के संयोजक छगनलाल मूंदड़ा पहुंचे और श्री साय को सक्रिय सदस्यता दिलाई गई। इसी के साथ प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू को सक्रिय सदस्यता दिलाई गई। प्रदेश में भाजपा का सक्रिय सदस्यता अभियन चल रहा है। प्रदेशभर के दिग्गज नेताओं और मंत्रियों को उनके घर पर जाकर सक्रिय बनाने का क्रम प्रारंभ किया गया है। शनिवार को मुख्यमंत्री निवास में जाकर उनको भी सक्रिय सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि मैं भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता हूं इसी वजह से आज मैं प्रदेश का मुख्यमंत्री हूं। पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास व्यक्त किया है मैं अपनी पूरी उर्जा और शक्ति लगाकर छत्तीसगढ़ को देश के अग्रणी राज्यों में स्थापित कर सकूं यही मेरा प्रयास है। पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मेरी संवेदनाएं हैं प्रदेश के प्रति मेरा कर्तव्य है। पार्टी के प्रति मेरी आस्था है नेतृत्व के प्रति में आभारी हूँ। आज मुझे पुनः पार्टी का सक्रिय सदस्य बनाया गया इसके लिए में संगठन के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। सक्रिय सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से जिला महामंत्री एवं सक्रिय सदस्यता के जिला सदस्य सत्यम दुवा, जिला उपाध्यक्ष अकबर अली, जिला मंत्री एवं सक्रिय सदस्यता के सदस्य संजय तिवारी, जीतेन्द्र गोलछा उपस्थित रहे ।

## नामांकन के दूसरे दिन 9 फार्म बिके, अभ्यर्थियों की संख्या 17 पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए दूसरे दिन 9 नामांकन फार्म बिके। पहले दिन 8 फार्म बिके थे। इस तरह दो दिन में 17 नामांकन फार्म बिक चुके हैं। इस तरह 17 में से 10 नामांकन फार्म निर्दलीय अभ्यर्थियों ने खरीदा है।

**छुट्टी के दिन ज्यादा बिके फार्म**
सरकारी अवकाश होने के बाद भी शनिवार को विधानसभा उपचुनाव के कारण कलेक्टोरेट में नामांकन फार्म खरीदने की प्रक्रिया जारी रही। नामांकन प्रक्रिया के लिए एक हफ्ते का समय दिया गया है। 18 से 25 अक्टूबर के हफ्ते के दौरान शनिवार और रविवार पड़ा है। राज्य में शनिवार को सरकारी छुट्टी रहती है, लेकिन प्रशासन ने फार्म लेने और जमा करने में अभ्यर्थियों को सुविधा देने के लिए छुट्टी के दिन भी नामांकन की प्रक्रिया जारी रखी, जिसका फायदा अभ्यर्थियों ने भी उठाया, जिससे शनिवार को शुक्रवार वर्किंग डे की तुलना में ज्यादा नामांकन फार्म खरीदे गए।


**8 निर्दलीय एवं पार्टी से 2 ने खरीदा फार्म :** नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन भारतीय जनता पार्टी से सूरज यादव, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से दयाराम मेंढे ने फार्म खरीदा। इसके अलावा 8 निर्दलीय अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म खरीदा है, जिनमें जितेंद्र शर्मा, महेंद्र कुमार बाघ, सुषमा अग्रवाल, प्रकाश कुमार उरांव, आकाश तिवारी, मोहम्मद अनवर रिजवी, शबिस्ता खान शामिल है। नामांकन दाखिल करने की अंतिम 25 अक्टूबर है। नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर को होगी तथा 30 अक्टूबर तक अभ्यर्थी नाम वापस ले सकेंगे।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹ 60,000 ₹ 90,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
6&7 फेन पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
बुकिंग प्रारंभ
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 11 हजार परीक्षार्थी हुए शामिल

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन 19 अक्टूबर शनिवार को किया गया। इस वर्ष महासमुंद जिले के 325 प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल के साथ साथ 07 महाविद्यालय में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा हुई। परीक्षा में लगभग 11,000 परीक्षार्थी शामिल हुए। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा से जुड़े सभी परिजनों एवं संस्था प्रमुखों को गायत्री परिवार की ओर से परीक्षा के सफल संचालन में सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। यह जानकारी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रभारी आशीष साहू व भारत साहू ने दी है।

### ग्राम मोखा में 7 दिनी रासेयो शिविर जारी

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत पेड़ावरी के आश्रित ग्राम मोखा में शासकीय उमावि आमाकड़ा का राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया, जिसमें ग्राम प्रमुख, ग्राम गायता, ग्रामीण जन, प्राचार्य पीएल पाण्डे, अजय रावटे उपस्थित थे। प्राचार्य द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी, साथ ही उनके लक्ष्य और बच्चों मार्गदर्शन किए।

## निधन

### दमयंती बेन राठौड़



**महासमुंद।** शहर के स्टेशन रोड निवासी दमयंती बेन राठौड़ (80) पति स्व. वसंत भाई राठौड़ का शनिवार को निधन हो गया। वे भरत भाई राठौड़, राजकुमार भाई राठौड़ की माता एवं तोषण भाई राठौड़, महेंद्र भाई राठौड़, भूपेंद्र भाई राठौड़, कुशाल भाई राठौड़ एवं प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष स्व. हेमंत भाई राठौड़ की भाभी थीं।

## अचानक मौसम ने ली करवट, पड़ी बौछार, किसानों की बढ़ी चिंता...



**नर्रा।** क्षेत्र में इन दिनों हरुना धान की कटाई जोर शोर से चल रही है। किसान धान की कटाई कार्य में व्यस्त है। बताया जाता है कि रविवार सुबह से ही मौसम ने एक बार फिर करवट ली और दिनभर बदली छाने के साथ ही क्षेत्र में गरज-चमक के साथ कही पर बूंदाबांदी तो कहीं पर बौछार पड़ने की खबर है। बारिश से खड़ी फसल व कटाई की गई फसल को नुकसान होने की संभावना बनी हुई है। अभी भी क्षेत्र के ऐसे कुछ किसान है, जिन्हें अपनी फसल के लिए बारिश की दरकार है। चूंकि, में नमी नहीं होने से फसल में बालियां निकलने में लेटलतीफी हो रही है। इनके पास न तो सिंचाई की सुविधा है न साधन है। अभी भी कुछ फसलों के लिए बारिश अमृत बन सकता है। किंतु, कुछ फसल के लिए बारिश नुकसानदायक हो सकता है। अचानक मौसम बदलने के साथ ही छींटे व बौछारे पड़ी। वहीं फसल कटाई के बाद खेत से बैलगाड़ी से ढो कर नर्रा के किसान ने अपने कोठार (ब्यारा) में धान को एकात्रित कर इसे बारिश से बचाने के लिए पॉलीथिन का सहारा लिया।

# छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा का धरना प्रदर्शन 24 को

### शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए एसोसिएशन की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर चरणबद्ध आंदोलन के तृतीय चरण में मोर्चा द्वारा जिला मुख्यालय महासमुंद में सामूहिक अवकाश लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करअपने पांच सूत्रीय मांगों के शीघ्र निराकरण के लिए जिलाधीश महासमुंद तथा जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा जाएगा।

इस धरना प्रदर्शन में शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की जिला इकाई महासमुंद की बैठक जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी की अध्यक्षता तथा प्रांतीय संयोजक सुधीर प्रधान, प्रदेश प्रचार मंत्री केशव राम साहू, जिला पदाधिकारी लालजी साहू, नरेश पटेल, कौतुक पटेल, नंद कुमार साहू, विजय प्रधान, प्रदीप वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र चौधरी, विनोद यादव, गजेंद्र नायक कैलाश पटेल के विशिष्ट उपस्थिति में बुनियादी शाला पिथौरा में हुई। बैठक में पांच सूत्रीय मांग सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एल बी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान दिया जाए, समतुल्य वेतन (पुनरीक्षित वेतनमान) में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जाए, पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित करें एवं भारत सरकार द्वारा 02 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जाए, उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक डब्ल्यूए /261/2024 में डबल बेंच द्वारा पारित निर्णय 28 फरवरी 2024 के तहत सभी पात्र एल बी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति/समयमान का विभागीय आदेश किया जाए, शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के बराबर 01 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाए तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते की एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ/सीजीपीएफ खाता में किए जाने की मांग प्रमुख हैं। इनके शीघ्र निराकरण के लिए जिला के समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग से 24 अक्टूबर को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर जिला मुख्यालय में आयोजित धरना प्रदर्शन रैली में सक्रिय भूमिका निभाकर मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद करने की अपील की। बैठक में प्रत्येक विकासखंड वार लक्ष्य निर्धारित की गई तथा विकासखंड अध्यक्षों ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिला द्वारा दी गई लक्ष्य को हर हाल में पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस आंदोलन को कतई हल्के में न लें, आंदोलन की संख्या बल ही हमारी दुःख पीड़ा और आक्रोश को बयां करेगी। इस विचार मंथन बैठक में खिलावन वर्मा, सालिक राम साहू, अनुप नायक, गौरी शंकर पटेल, सोमनाथ चौहान, तुलसी राम पटेल, वीरेंद्र भोई, पवन यादव, नरेश बारीक, वारिस कुमार, विद्या चंद्राकर, रविशंकर बंछोर, खगेश्वर डड़सेना, दुष्यंत चौधरी, प्रदीप कर, शिवप्रसाद तांडी, मोहित पटेल सहित एसोसिएशन के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उक्ताशय की जानकारी जिला सचिव नंद कुमार साहू एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने दी।

# विभिन्न कार्यक्रमों में शरीक हुए विधायक द्वारिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

शरद पूर्णिमा पर खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रैताल, खेड़ीगांव में आयोजित डीजे डांस प्रतियोगिता एवं बढ़ाईपाली में आयोजित सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

ग्राम रैताल में विधायक ने डीजे डांस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जिसके बाद वे खेड़ीगांव पहुंचे।



जहां शरद पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पश्चात विधायक यादव ग्राम बढ़ईपाली पहुंचे। जहां शरद पूर्णिमा पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित इन प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक संध्या के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान विधायक द्वारिकाधीश यादव ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित भी किया। खेड़ीगांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लॉक कांग्रेस कमेटी पिथौरा के अध्यक्ष करण सिंह दीवान, हेमकरण दीवान, पूनम मानिकपुरी, सुपेंद्र दीवान आदि मौजूद रहे।

### 31 तक ईकेवायसी नहीं की गई तो बंद होगा गैस कनेक्शन

**महासमुंद।** गौरव गैस सर्विस इंडेन गैस ने अपने सभी ग्राहकों का आधार ई-केवायसी करने के लिए 31 अक्टूबर का लक्ष्य रखा है। इस संबंध में सभी डीलरों को लक्षित समय दिया गया है। जिसके माध्यम से उपभोक्ता सब्सिडी का लाभ उठा सकते हैं। गौरव गैस सर्विस के संचालक पंकज चंद्राकर ने बताया कि ई-केवायसी के साथ बीएससी (बेसिक सेफ्टी जांच) भी किया जा रहा है। जो सुरक्षा की दृष्टि से बहुत जरूरी है। यदि ग्राहक ई-केवायसी नहीं कराते वो सब्सिडी से बंचित होना पड़ सकता है या फिर उनका गैस कनेक्शन बंद भी हो सकता है। बहुत से ऐसे ग्राहक है, जिसकी मृत्यु हो चुकी है। ऐसे में उनके नामिनी कनेक्शन को अपने नाम पर करा कर भी ई-केवायसी करा सकते हैं। चंकि, यह गातिविधि सब्सिडी प्राप्त करने वाले ग्राहकों विशुद्ध पहचान करने के लिए अतिआवश्यक है। पेट्रोलियम मिनिस्ट्री द्वारा प्रत्येक राज्य में ही समीक्षा की जा रही है। जिसके नाम से गैस कनेक्शन पंजीकृत है। ई-केवायसी के लिए स्वयं अपना आधार कार्ड या गैस कार्ड लेकर आए 5 मिनट में ई-केवायसी फिंगर लगाकर आधार ई-केवायसी कराए। इसका कोई शुल्क नही है।

### मनोरंजन भवन जर्जर, डिस्मेंटल करने की मांग



**नर्रा।** बागबाहरा विखं के ग्राम पंचायत उखरा (लामी) के इंदिरा चौक स्थित मनोरंजन भवन काफी जर्जर हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मनोरंजन भवन निर्माण हुए लगभग चालीस वर्ष हो गए है। छत, दीवार जर्जर हो गई है। इस भवन को डिस्मेंटल करने की मांग ग्रामीणों ने शासन की है। ग्रामीणों में पुरुषोत्तम पांडे, तुकाराम ठाकुर, नवनीत नाग, अरुण चौधरी, जय प्रकाश प्रधान, सोमनाथ मधुकर, फिरीलाल पांडे, उपसरपंच देवलाल पांडे आदि ग्रामीणों ने इस जर्जर मनोरंजन भवन को डिस्मेंटल करने की मांग की है।

# तुमगांव में हुआ पुंसवन संस्कार कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गायत्री परिवार तुमगांव (गायत्री प्रज्ञा पीठ) द्वारा बंगला पारा निवासी मोंटू निर्मलकर के घर पुंसवन संस्कार कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु वंदना एवं प्रेरणा गीत के साथ हुआ। देव पूजन एवं यज्ञ संचालन पंचराम निषाद द्वारा किया गया। सनातन हिंदू धर्म में 16 संस्कारों का वर्णन है। आज के भौतिकवादी युग में प्रायः सभी संस्कार लुप्त होता जा रहा है, तब गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा इन सभी संस्कारों को मानव जीवन के लिए अति आवश्यक बताते हुए प्रचारित किया जा रहा है और उन सभी 16 संस्कारों को अपने-अपने घरों में या यज्ञ के माध्यम से करने प्रचारित किया जा रहा है। मोंटू निर्मलकर के यहां आयोजित पुंसवन संस्कार में आसपास के परिजन एवं नारी शक्ति उपस्थित थे। संस्कार कराने वाले पुरोहित द्वारा पुंसवन संस्कार के महत्व एवं आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पुंसवन संस्कार में कर्मकांड के साथ-साथ विशेष रूप से तीन औषधियों का प्रयोग किया जाता है। इसमें बरगद की जटा, गिलोय, पीपल के पत्ते मिलाकर गर्भवती माता को पिलाया जाता है। वट वृक्ष विशालता और दृढ़ता का प्रतीक है। धीरे-धीरे बढ़ना, धैर्य का सूचक है। उनकी जटाए भी जड़ और तना बन जाते हैं यह विकास विस्तार के साथ पुष्टि की व्यवस्था है। वृद्धावस्था को युवावस्था में बदलने का प्रयास है। गिलोय वृक्ष में ऊपर चढ़ने की प्रवृत्ति है, जो आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। यह हानिकारक कीटाणु नाशक है, जिससे शरीर के रोगाणु एवं अंतकरण के कुविचार, दुर्भावनाओं एवं परिवार और समाज में व्याप्त दुष्प्रवृत्ति के निवारण की प्रेरणा देती है। शरीर को पुष्ट कर सत प्रवृत्तियों के पोषण की सामर्थ्य पैदा करती है। पीपल देवयोनि का वृक्ष माना गया है। इसमें देवत्व के परमार्थ के संस्कार सन्निहित है, उसका वरन, धारण और विकास किया जाना है। अतः तीनों औषधियों का प्रयोग करते हुए यज्ञ के माध्यम से संस्कारित कर गर्भवती माता को पिलाया जाता है। ताकि, आने वाले पीढ़ी सुसंस्कृत हो, श्रेष्ठ मानव का धरती पर अवतरण हो और धरती स्वर्ग बने। यह जानकारी पंथराम साहू ने दिया।

# जन-जन रावण बढ़ रहे, घट-घट लंका धाम, इतने रावण कैसे मरे, कहां हैं इतने राम : अंकित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा लगातार क्षेत्र के विभिन्न आयोजनों में शामिल होने की कड़ी में दाईजबांधा, साल्हेभांटा, कोमाखान, बांसकांठा दशहरा व लीला में शामिल हुए।

अंकित को अपने बीच उपस्थित पाकर ग्रामवासी बड़ी प्रसन्नता व्यक्त की। उद्बोधन में अंकित ने दशहरा उत्सव को असत्य पर सत्य की, अधर्म पर धर्म की, अन्याय पर न्याय की, बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक बताया और कहा कि अहंकार कभी किसी का नहीं टिका कहां तो प्रकांड विद्वान रावण ने अपने पुत्र इंद्रजीत के जन्म समय के लिए अपने बल से समस्त ग्रहों को बांधने की कोशिश की, अपने तप से अमरत्व प्राप्त किया, युद्ध कौशल में अजेय होने का वरदान पाया पर



अपने कर्मों के कारण मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आगे पराजित हुआ और मृत्यु को प्राप्त किया। रामचंद्र की मर्यादा का पता इससे भी चलता है कि मृत्युशैया पर सोए रावण की विद्वता को जानकर उन्होंने लक्ष्मण को कहा कि जाओ रावण से कुछ शिक्षा प्राप्त करो, रावण ने तीन प्रमुख बातें लक्ष्मण से कही कि शुभ कार्य में देरी नहीं करनी चाहिए, अशुभ कार्यों को टालना चाहिए और कभी अपने शत्रु को कमजोर नहीं समझना चाहिए। अंत में अंकित ने सभी से निवेदन किया कि अपने अंदर के रावण रूपी अहंकार, छल, झूठ, कपट को त्यागें, यही आज दशहरे में श्रीराम के प्रति सच्ची भक्ति होगी। इस दौरान अंकित बागबाहरा के साथ से प्रीतम साहू, राजा राम साहू, साधुराम ठाकुर, टीआर साहू, लक्ष्मी साहू, कामता साहू, लक्ष्मीकांत टीआर, टार्जन ठाकुर, धर्मेंद्र साहू, घनाराम ठाकुर, चुमकलाल देवांगन, डुमेश्वर साहू, चुम्मन साहू, राजू साहू, बालेश्वर साहू, छबि ठाकुर, दिलीप देवांगन, राहुल चंद्राकर, राजू साहू, इंद्रा चौहान, फूलसिंग सिन्हा, रामचंद्र निषाद, बिमल साहू, चंद्रमणि साहू, लक्ष्मी साहू, घिरबाई, हेमा साहू, कीर्तन निषाद, युवक साहू, शिवप्रसाद साहू, अमित जोशी समेत पंच, प्रतिनिधि, ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# वाद-विवाद में विधि व कंप्यूटर ज्ञान में खिलेश प्रथम

### बृजराज स्कूल में हुए विविध आयोजन, मॉडल के रूप में दिखाया पुरातात्विक धरोहरों को

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पीएम शासकीय बृजराज प्राथमिक शाला में विशेष तौर पर आयोजित विद्या वैभव (ओलंपियाड) मंथन मंडल (वाद-विवाद), डिजिटल क्वेस्ट (कंप्यूटर ज्ञान) एवं डिस्कवर एंड लर्न लोकल साइट्स (पुरातात्विक धरोहर) छात्रों के बीच स्कूल स्तर में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मंथन मंडल के तहत एक देश एक चुनाव विषय पर वाद-विवाद में पक्ष-विपक्ष में छात्रों ने अपनी बात रखी। इसी तरह पुरातात्विक धरोहर के रूप छात्रों ने हमारे ऐतिहासिक धरोहर सिरपुर के लक्ष्मण मंदिर, दंतेवाड़ा का दंतेश्वरी मंदिर, बेमचा के खल्लारी मंदिर, गिरौदपुरी का जैतखाम एवं राम मंदिर जैसे पुरातात्विक धरोहर को मॉडल के रूप में दिखाया गया। डिजिटल क्वेस्ट के तहत छात्रों को कंप्यूटर का ज्ञान तथा विद्या वैभव के तहत कबाड़ से जुगाड़ में टीचिंग लर्निंग मैटेरियल की कार्यशाला आयोजित कर छात्रों द्वारा विभिन्न



प्रकार के मॉडल बनाया गया। वाद विवाद में प्रथम विधि साहू, कबाड़ से जुगाड़ में प्रथम यश चंद्राकर, कम्प्यूटर ज्ञान में प्रथम खिलेश साहू तथा पुरातात्विक धरोहर में प्रथम माही साहू ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि अजय चोपड़ा एवं विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि राजेश शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य दिग्विजय साहू ने की। विधायक प्रतिनधि मिडिल स्कूल बृजराज आकाश पांडे की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सभी गतिविधियों के प्रथम स्थान प्राप्त सभी प्रतिभागी जिला स्तर में अपना परफॉर्म करेंगे। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक सुरेंद्र चंद्राकर ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक देवेंद्र ठाकुर, मनीषा साहू, नेहा चंद्राकर, बिमलेश्वरी दुबे, सुशांत शेखर धराई अपना योगदान दिया। प्रधानपाठक गोमती साहू ने आभार व्यक्त किया ।

